# बाघ और एशियाई जंगली कुत्ते का सह-अस्तित्व

**स्रोत: द हिंदू**

एक हालिया अध्ययन, **'क्या ढोल अर्थात् एशियाई जंगली कुत्ते स्वयं को अपने समस्थानिकों (Sympatric) से पृथक करते/पाते हैं?' 'उष्णकटिबंधीय वनों में आवास उपयोग तथा मांसाहारियों के सह-अस्तित्व',** में शोधकर्त्ताओं ने **असम के मानस राष्ट्रीय उद्यान** के भीतर **ढोलों या एशियाई जंगली कुत्तों (Cuon alpinus)** और बाघों के बीच **सह-अस्तित्व के संबंध** में एक रोचक अंतर्दृष्टि का खुलासा किया है।

- यह अध्ययन उन कारकों पर प्रकाश डालता है जो इस विशिष्ट मांसाहार संबंध को आयाम देते हैं और उनकी अन्योन्य क्रिया तथा आवास प्राथमिकताओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं।

## अध्ययन के मुख्य तथ्य:

- असम के मानस नेशनल पार्क में किये गए अध्ययन से ढोल (एशियाई जंगली कुत्तों) और बाघों के बीच एक **आश्चर्यजनक सकारात्मक संबंध** का पता चला जो **विरोधाभासी अन्योन्य क्रिया** की पूर्व धारणाओं को चुनौती देता है।
- ढोल और बाघों के बीच सकारात्मक संबंध का कारण **शिकार की उपलब्धता या निवास स्थान की उपयुक्तता** की ओवरलैपिंग हो सकते हैं, जो कार्यस्थल पर अधिक जटिल पारिस्थितिक गतिकी का सुझाव देते हुए आगामी शोध की आवश्यकता को भी प्रेरित करता है।
    - शोध के अनुसार, क्लाउडेड लेपर्ड्स (नियोफेलिस नेबुलोसा) के विपरीत सोन कुत्तों/ढोल की गतिविधियों में सामान्य तेंदुओं/लेपर्ड्स के साथ सर्वाधिक अस्थायी समानताएँ पाई गईं।
- निवास स्थान के नुकसान, शिकार की उपलब्धता में कमी, बीमारी और अन्य प्रजातियों के साथ संघर्ष के परिणामस्वरूप ढोल प्रजाति की आबादी में गिरावट को देखते हुए यह अध्ययन **ढोल के संरक्षण हेतु मानस राष्ट्रीय उद्यान के महत्त्व** पर ज़ोर देता है।

## सोन कुता/ढोल (Dhole):

//


- **परिचय:**
  - ढोल (कुओन अल्पिनस) एक जंगली मांसाहारी जानवर है तथा **कैनिडे समूह और स्तनधारी वर्ग** से संबंधित है।
- **प्राकृतिक आवास:**
  - ढोल मुख्यतः **दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया में पाए जाते हैं**,इनकी एक बड़ी आबादी चीन में निवास करती है। **ऐतिहासिक रूप से वे पूरे दक्षिणी रूस और दक्षिण पूर्व एशिया में पाए जाते थे।**
  - वर्ष 2020 में किये गए एक अध्ययन के अनुसार, ये भारत में **पश्चिमी और पूर्वी घाट, मध्य भारत** तथा पूर्वोत्तर भारत में पाए जाते हैं। इनके संरक्षण में **कर्नाटक, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों** की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
- **संरक्षण स्थिति:**
  - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972**: अनुसूची 2।**
  - **IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय।**
  - **वन्यजीवों एवं वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर अभिसमय (CITES): परिशिष्ट।**
  - **प्रोजेक्ट टाइगर** के तहत निर्मित रिज़र्व/अभ्यारण्य से बाघों के समस्थानिक ढोल आबादी को कुछ सुरक्षा प्रदान मिली है।
    - वर्ष 2014 में भारत सरकार द्वारा विशाखापत्तनम में इंदिरा गांधी प्राणी उद्यान (IGZP) में**ढोल संरक्षण के लिये पहला प्रजनन केंद्र** बनाया गया।
- **मानस राष्ट्रीय उद्यान:**
  - यह भारत के असम में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान, **प्रोजेक्ट टाइगर रिज़र्व,** हाथी रिज़र्व और एक **बायोस्फीयर रिज़र्व** है। यह भूटान के रॉयल मानस नेशनल पार्क से सीमा साझा करता है।
  - इसे वर्ष **1990** में **राष्ट्रीय उद्यान** घोषित किया गया तथा वर्ष **1988** में **यूनेस्को विश्व धरोहर** स्थल का दर्जा प्राप्त हुआ।
  - मानस राष्ट्रीय उद्यान में भारतीय प्रजाति के एक सींग वाले गैंडे**,** एशियाई हाथियों**,** बाघों, क्लाउडेड लेपर्ड, **हूलॉक गिबन** जैसे जीवों की विविध प्रजातियों को संरक्षित किया जाता है।

# बाघ

रॉयल बंगाल टाइगर (Panthera Tigris) भारत का राष्ट्रीय पशु है।



### बाघ की उप प्रजातियाँ

- महाद्वीपीय (पैंथेरा टाइग्रिस टाइग्रिस)
- सुंडा (पैंथेरा टाइग्रिस सोंडाइका)

### प्राकृतिक अधिवास

उष्णकटिबंधीय वर्षावन, सदाबहार वन, समशीतोष्ण वन, मैंग्रोव दलदल, घास के मैदान और सवाना

## देश जहाँ बाघ पाए जाते हैं

- 13 बाघ रेंज देश जहाँ यह प्राक्रतिक रूप से पाए जाते हैं उनमें- भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्याँमार, रूस, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं।
- IUCN की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गए हैं।

## संरक्षण की स्थिति

- IUCN रेड लिस्ट: लुप्तप्राय
- CITES : परिशिष्ट-I
- WPA 1972 : अनुसूची-I

## खतरे

- आवास विखंडन
- अवैध शिकार
- मानव-वन्यजीव संघर्ष

## संरक्षण संबंधी प्रयास


- इंटरनेशनल बिग कैट्स एलायंस (IBCA): बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जैगुआर और प्यूमा नामक सात बड़ी बिल्लियों के संरक्षण के लिये (भारत द्वारा शुरू)
- Tx2 अभियान: WWF द्वारा आरंभ किया गया; 2022 तक बाघों की आबादी को दोगुना करने के लक्ष्य को इंगित करते हुए 'टाइगर टाइम्स 2' को संदर्भित करता था
- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA): WPA, 1972 के तहत गठित
- प्रोजेक्ट टाइगर : 1973 में लॉन्च किया गया
- बाघों की गणना : प्रत्येक 5 वर्ष में

## भारत में बाघ

- भारत में इनकी संख्या सबसे अधिक है
  - वर्ष 2022 तक, भारत में बाघों की संख्या 3167 थी
  - मध्य भारतीय उच्च भूमि और पूर्वी घाट में इनकी सबसे बड़ी आबादी पाई गई है
- टाइगर रिजर्व: भारत में अब 53 टाइगर रिज़र्व हैं
  - नवीनतम टाइगर रिज़र्व उत्तर प्रदेश का रानीपुर है
  - नागार्जुन सागर (आंध्र प्रदेश) सबसे बड़ा टाइगर रिज़र्व है जबकि ओरंग (असम) सबसे छोटा (कोर क्षेत्र) है।

Drishti IAS

# बाघ अभयारण्य




## तथ्य

- राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) की सिफारिश पर राज्य सरकार किसी क्षेत्र को बाघ अभयारण्य/टाइगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित कर सकती है।
- सबसे बड़ा बाघ अभयारण्य (कोर क्षेत्र): नागार्जुनसागर श्रीशैलम (आंध्रप्रदेश)
- सबसे छोटा बाघ अभयारण्यः ओरंग (असम)
- सर्वाधिक बाघ घनत्व वाला अभयारण्यः कॉर्बेट (उत्तराखंड) (अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2018)
- सर्वाधिक बाघ आबादी वाला राज्यः मध्य प्रदेश (अखिल भारतीय बाघ अनुमान 2018)

## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**[illegible]:**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित रक्षित क्षेत्रों पर विचार कीजिये: (2012)**

1. बांदीपुर
2. भीतरकणिका
3. मानस
4. सुन्दरबन

**उपर्युक्त में से कौन से बाघ-आरक्षित क्षेत्र घोषित हैं?**

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coexistence-of-tiger-and-asiatic-wild-dog